हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, रविवार, 8 जून 2025

## अवैध शस्त्र बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** पांचपावली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से धारदार शस्त्र बेचने वाले आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 11 प्राणघातक हथियार बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत 5,500 बताई गई है। यह कार्रवाई 6 जून 2025 को उस समय हुई जब पाचपावली पुलिस का डीबी स्टाफ टेका नवीवस्ती, फारूक नगर क्षेत्र में गश्त पर था। इस दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से लोहे के धारदार शस्त्र बेचते हुए पाया गया। पूछताछ में उसने शस्त्र बेचने का कोई वैध लाइसेंस नहीं दिखाया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम शहबाज अहमद अयाज अहमद (30 वर्ष) है, जो बाबा बुद्धाजी नगर, पाचपावली थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से 7 नग लोहे के बड़े चाकू 4 नग लोहे की धारदार सुरियां सहित कुल 11 प्राणघातक शस्त्र, जिनकी कुल कीमत 5,500 है, मौके से बरामद किए गए।

# शहर में मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा

**नागपुर.**




पालकमंत्री बावनकुले ने दिये निर्देश

राज्य के राजस्व मंत्री तथा नागपुर जिले के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार (दिनांक 7) को भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए नदी/नालों की सुरक्षा दीवारें तथा क्षतिग्रस्त सड़कें समेत मनपा की मानसून पूर्व योजना के काम की समीक्षा की। पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने निर्देश दिया कि मनपा आयुक्त अगले सप्ताह विधायकों तथा पूर्व नगरसेवकों के साथ जोनवार बैठक कर मानसून पूर्व आपदा प्रबंधन की समीक्षा करें तथा रिपोर्ट तैयार करें। कलेक्टर कार्यालय स्थित कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में सांसद श्यामकुमार बर्वे, विधायक अभिजीत वंजारी, विधायक कृष्णा खोपड़े, विधायक प्रवीण दटके, पूर्व विधायक सुधाकर कोहाले, नगर निगम के मुख्य अभियंता मनोज तालेवार , पूर्व नगरसेवक नरेंद्र (बाल्या) बोरकर, कार्यकारी अभियंता रवींद्र बुंदाडे ,सचिन रक्षामवार , विजय गुरुबक्शानी , अश्विनी एलचटवार, गेडाम सहित उप अभियंता और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने निर्देश दिये कि महानगरपालिका द्वारा शहर में चल रहे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि कार्यों के कारण आम नागरिकों को असुविधा न हो, इसका भी ध्यान रखा जाए। इसके अलावा मंत्री ने क्षतिग्रस्त नदी/नालों की सुरक्षा दीवारें बनाने और निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिये। पालकमंत्री बावनकुले ने निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन के तहत शेष बचे निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए मनपा द्वारा अतिरिक्त निधि के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जाए। बैठक में विधायकों ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी ली।

बैठक में सर्वप्रथम पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के समक्ष मनपा ने किये गए विविध कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके माध्यम से भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई 56 नदी/नाला सुरक्षा दीवारें तथा 41 क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृत निधि की जानकारी दी गई। इसमें मनपा के सभी दस जोनों में क्षतिग्रस्त नदी/नाला सुरक्षा दीवारों के कुल 56 कार्य किए जाएंगे। इसमें 8953 मीटर लंबाई का कार्य शामिल है। इसके लिए 163.23 करोड़ रुपए की निधि स्वीकृत की गई है। इसके माध्यम से 50 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 5 कार्य प्रगति पर हैं। जबकि सभी दस जोनों में क्षतिग्रस्त हुई कुल 41 सड़कों के कार्य किए जा रहे हैं। इसमें 47680 मीटर लंबाई के कार्य किए जाएंगे। इसके लिए 33.74 करोड़ रुपए की निधि स्वीकृत की गई है। इसके माध्यम से 40 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 1 कार्य प्रगति पर है, ऐसा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया गया।

# गोवंश पशुओं की निर्दयता से हत्या की साजिश नाकाम

### > 14 मृत, 1 जीवित पशु बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**



सक्करदरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गोवंश पशुओं की निर्दयता से हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया है। गुरुवार 6 जून को दोपहर करीब 3 बजे पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली कि ठाकुर प्लॉट, एक मीनार मस्जिद के पास स्थित प्लॉट नंबर 105 में कई गोवंश जानवरों को कत्तल के उद्देश्य से अवैध रूप से बंद करके रखा गया है। मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने पंचों की मौजूदगी में छापेमारी की। वहां, आरोपी सुलतान फारूख पटेल के घर से कुल 15 गोवंश जानवरों को बरामद किया गया, जिनकी कुल कीमत लगभग 1,50,000 बताई जा रही है।

सभी जानवरों को बिना चारा-पानी के, बेहद अमानवीय और क्रूर तरीके से बांध कर रखा गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी शेख नाशीर शेख नजीर कुरैशी (उम्र 29 वर्ष, आजाद कॉलोनी रोड, ताजबाग निवासी ने बताया कि ये सभी जानवर उसके और उसके साथी सुलतान फारूख पटेल तथा जावेद के हैं, जिन्हें वे कत्तल के लिए लेकर आए थे। मनपा के पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई जांच में पाया गया कि इनमें से 14 जानवर पहले ही मृत हो चुके थे, जबकि एक जानवर जीवित अवस्था में पाया गया। मृत जानवरों का पोस्टमार्टम कर उन्हें भांडेवाड़ी डंपिंगयार्ड में दबाया गया, जबकि जीवित जानवर को गौरक्षण केंद्र में भेजा गया है। इस मामले में सक्करदरा पुलिस थाने में पु.उपनिरीक्षक संजयसिंह की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र प्राणी संरक्षण अधिनियम 1976 (संशोधित 1995) की धारा 5, 5(ब), 9(अ) तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(अ)(ह)(क)(ड) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# संघर्षनगर में ईद उल अजहा धूमधाम से मनाई गई

**नागपुर.**



शनिवार को ईद उल अजहा पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया. इस मौके पर उत्तर नागपुर मुस्लिम विकास मंच के टीम ने अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी. संघर्षनगर में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 6:30 बजे अदा की गई और ईद के मौके पर देश में अमन और शांति के लिए मस्जिदों में दुआ हुई ईद के अवसर पर नमाज के बाद सभी लोगों से गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी गई जिसमे सामिल नसीम अख्तर, इरशाद अहमद, अब्दुल खालिद, कलीम अंसारी, साजिद भाई, शेर खान, भूरू भाई, मोहम्मद तस्लीम,जहागिर भाई ,मोहम्मद हमजा , मोहम्मद ओवैस, मोहम्मद दाऊद, आदि लोग मौजूद थे.

# नागेश्वर नगर में हुई 1.68 लाख की चोरी

**नागपुर.**

शहर के पारडी थाना क्षेत्र अंतर्गत नागेश्वर नगर में एक बंद घर में सेंध लगाकर अज्ञात चोर ने करीब 1.68 लाख रुपए के माल पर हाथ साफ किया । यह वारदात 5 जून की शाम 6:30 बजे से 6 जून की सुबह 9:30 बजे के बीच की बताई जा रही है। फरियादी आरती राजेश बोकडे (उम्र 28 वर्ष) प्लॉट नं. 104/36, नागेश्वर नगर/ए निवासी अपने मायके गई हुई थीं और घर पर ताला लगा हुआ था। इस दौरान किसी अज्ञात चोर ने उनके घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और बेडरूम में रखी अलमारी से 1,26,000 नकद और सोने के गहने चुराकर फरार हो गया। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 1,68,000 बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पारडी पुलिस ने घटनास्थळ का पंचनामा कर मामला दर्ज किया। इस संबंध में सहायक पुलिस निरीक्षक काठे ने चोरी के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी की तलाश जारी है और इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

## पांचपावली पुलिस थाने में 313 लावारिस वाहन, 15 दिन में दावेदारी करें

**नागपुर.** पांचपावली पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र से जब्त किए गए या लावारिस हालत में मिले कुल 313 दोपहिया वाहन अब भी पुलिस मुख्यालय के डम्पिंग यार्ड में पड़े हुए हैं। इन वाहनों के संबंध में अब तक कोई भी वैध दावेदार सामने नहीं आया है और ना ही इनकी कोई जानकारी उपलब्ध हो सकी है।

इस स्थिति को देखते हुए पाचपावली पुलिस ने एक सार्वजनिक सूचना जारी की है। इसमें वाहन मालिकों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने वाहनों के उचित कागजातों के साथ 15 दिनों के भीतर पाचपावली थाने में संपर्क करें।

# जाफ़रनगर ईदगाह ग्राउंड में नमाज़ के लिए उमड़ा जनसैलाब

### अल्लाह के सामने सम्मान, इज्ज़त सफलता को प्राप्त करने के लिए निष्कलंक होना आवश्यक : मौलाना शाकिरुल अकरम फ़लाही



**नागपुर.**

'आप कह दें कि निश्चय मेरी नमाज़, मेरी क़ुरबानी तथा मेरा जीवन-मरण सारे संसार के पालनहार अल्लाह के लिए है'1 हमें आज यह अहद करना है कि दूसरों में दोष खोजने की बजाय हम अपने दोषों को दूर करेंगे। हमारे भीतर जो पाखंड और मुनाफ़िक़त भरी हुई है उसे कुर्बान करेंगे। हमारे भीतर जिस भी तरह की ईर्ष्या, घृणा , क्रोध और दुश्मनी भरी हुई है उसकी कुर्बानी दे देंगें। ये विचार जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपुर की शहर कमेटी सदस्य और मर्कज़े इस्लामी मस्जिद के इमाम मौलाना शाकिरुल अकरम फ़लाही ने ईदुल अज़हा के अवसर पर जाफ़र नगर में स्थित "ईदगाह ग्राउंड" में पवित्र क़ुरआन की सूरह अंआम की पंक्ति क्र 162 के अनुसार विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि नबी आख़िरुज़्ज़मा , रहमतुललिल आलमीन मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने हज्जतुल विदा के अवसर पर अल्लाह की प्रशंसा और महिमा का बखान करने के बाद पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने अपने प्रवचन में इरशाद फ़रमाया था कि "ऐ लोगों! मेरी बातें ध्यान से सुनो, क्योंकि मैं नहीं जानता कि अगले साल मैं इस जगह आप लोगों के बीच रहूँगा । लोगों! ध्यान से सुनो! तुम्हारा खून (जानें) , तुम्हारा धन और तुम्हारा सम्मान क़ियामत तक एक दूसरे के लिए हराम है। जिस तरह आप लोगों पर इस दिन, इस महीने और इस शहर की पवित्रता अनिवार्य है और तुम सभी जल्द ही अपने परवरदिगार से मिलोगे। याद रखो, आप लोगों ने अल्लाह से मिलना है, और अल्लाह आप लोगों से आपके कर्मों के बारे में पूछेगा। सावधान रहो, मेरे बाद भटक न जाना कि एक दूसरे की गर्दनें काटते रहो"। दूसरी बात यह है कि जिस तरह से हम क़ुर्बानी के लिए एक बेदाग़ , निष्कलंक , दोषरहित जानवर की तलाश करते हैं कि उसे अल्लाह के सामने पेश करना है , उसी तरह हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हम अल्लाह के सामने पेश होने वाले हैं , हमें भी अपनी खामियों और दोषों की परवाह करना चाहिए और हमें निष्कलंक बनना चाहिए ताकि हम अल्लाह के सामने सम्मान, इज्ज़त सफलता को प्राप्त कर सकें । अल्लाह ने हज़रत इस्माइल अलैहि वसल्लम को हज़रत इब्राहीम अलैहि वसल्लम) से मांग लिया था। उन्होंने अपने बेटे को अल्लाह के हवाले कर दिया था । यही क़ुर्बानी दरअसल समर्पण का नाम है। उन्होंने नफ़रतों , जासूसी करने की बजाय मुहब्बत , बंधुत्व के पैगाम को आम करने के लिए और अल्लाह के नेक बंदे बनने , तक्वा की ज़िंदगी गुज़ारने पर ज़ोर दिया।



तत्पश्चात जाफ़र नगर की जामा मस्जिद के इमाम क़ारी , हाफ़िज़ रहमतुल्लाह साहब ने ख़ुत्बा दिया, नमाज़ अदा करने के बाद अमन शांति, लोगों के स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआएं मांगीं।

इमरान अली ने ईदगाह ग्राउंड के बारे में जानकारी देते हुए कहा "तंज़ीम मुस्लिम नौजवाने जाफ़र नगर" 1989 में ईद की पहली नमाज़ अदा की गई थी। यहां ईदैन की नमाज़ों के अलावा सोशो पालिटिकल और जनसेवा कार्यों को भी अंजाम दिया जाता है। पिछले वर्ष ढ़ेड लाख रूपए का चंदा हुआ था। आज की नमाज़ में लगभग 30 से 35 हज़ार का खर्चा है। सीसीटीवी, जाय नमाज़ खरीदने का प्रावधान है। यह जाफ़र मोईनुद्दीन पटैल सा की वक़्फ़ की हुई जगह है।

प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी "जाफ़र नगर ईदगाह ग्राउंड" में ईद की नमाज़ के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा था । पुलिस स्टेशन गिट्टीखदान के वरिष्ठ पोलीस निरीक्षक कैलास चंद्रकांत देशमाने साहब के साथ आवश्यक पुलिस बल की तैनाती पर उनका आभार व्यक्त किया गया। ईदगाह ग्राउंड में सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाईयां दीं। यह जानकारी जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपूर के मीडिया सचिव डॉ एम ए रशीद ने दी।

## अहबाब चौक में ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी



जाफर नगर ईदगाह ग्राउंड में सुबह 7.20 और मदीना मस्जिद अनंत नगर में सुबह 7:00 बजे लोगों ने ईद की नमाज अदा की ! इस दौरान लोगों ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी ! अहबाब चौक में सभी भाइयों ने आपस में गले लगकर ईद उल- अजहा की मुबारक दी इसी दौरन प्रमुख रूप से खिदमत कमेटी के आरिफ शेख, आदिल शेख, समाजसेवक राम भाऊ कलंबे ,इंजीनियर एसोसिएशन अध्यक्ष शाकिर अली, अल्ताफ पठान, बब्बू भाई, सोनू भाई, मो आरिफ खान, जहीर उल हक, फारुख भाई.

# एग्रोविजन नागपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एग्री बिजनेस स्कूल शुरू करेगा : गडकरी

### स्पेन के विशेषज्ञों ने विदर्भ का दौरा किया, संतरा किसानों से सीधा संवाद





**नागपुर.**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि "एग्रोविजन का लक्ष्य विदर्भ के किसानों की आय बढ़ाना, उनके उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार उपलब्ध कराना तथा युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीक में प्रशिक्षित एवं सशक्त बनाना है, और इसके माध्यम से हमने नागपुर में 'एग्रोविजन ग्लोबल एग्री बिजनेस स्कूल' शुरू करने का निर्णय लिया है।" इस पहल की तैयारी के लिए स्पेन से एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को विदर्भ का दौरा किया था। वे प्रतिनिधिमंडल से चर्चा करते हुए उनसे बात कर रहे थे। विदर्भ में संतरा एवं फल किसानों की आय एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी की पहल पर स्पेन के विशेषज्ञों डेविस मोरेनो, फ्रांसिस्को जेवियर एवं जॉन एंटोनियो ने संतरा उत्पादक क्षेत्रों का दौरा किया तथा किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने अध्ययन किये गए किसानों की आवश्यकताओं, कठिनाइयों एवं अवसरों पर चर्चा की। दौरे के बाद उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से विस्तृत चर्चा की और नागपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एग्री बिजनेस स्कूल शुरू करने पर सहमति जताई।

नितिन गडकरी ने प्रतिनिधिमंडल से बात करते हुए कहा, "अगर विदर्भ के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक मुहैया कराई जाए तो उत्पादन और गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इसके लिए किसानों तक विश्वस्तरीय तकनीक, प्रसंस्करण उद्योग में कौशल और निर्यातोन्मुखी दृष्टिकोण पहुंचाना जरूरी है।"

उन्होंने आगे कहा, "कृषि एक लाभदायक व्यवसाय प्रक्रिया हो सकती है, बस इसके लिए सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर प्रदान किये जाने की जरूरत है। एग्रोविजन एग्री बिजनेस स्कूल इस संबंध में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। हमारा उद्देश्य विदर्भ के युवाओं को वैश्विक कृषि नवाचारों से अवगत कराना और उन्हें स्टार्टअप और निर्यात के लिए मार्गदर्शन देना है।"

इस अवसर पर यह भी घोषणा की गई कि एग्रोविजन फाउंडेशन भारत और स्पेन के बीच कृषि तकनीक के आदान-प्रदान के लिए विशेष पहल करेगा। ये प्रयास विदर्भ के किसानों और युवाओं को कृषि क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेंगे। इस अवसर पर कंचनताई गडकरी के साथ एग्रोविजन फाउंडेशन के अध्यक्ष रवि बोरटकर, संरक्षक डॉ. सी. डी. माई, महाऑरेंज के अध्यक्ष श्रीधर ठाकरे, पंजाबराव देशमुख कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. प्रशांत कडू, एग्रोविजन फाउंडेशन के सदस्य आनंदराव राऊत, सुधीर दिवे, डॉ. कलंत्री, डॉ. पिनाक डांडे और संतरा किसान उपस्थित थे।

# एमडी पावडर के साथ महिला गिरफ्तार

### जरीपटका पुलिस की कार्रवाई

**नागपुर.** शहर के जरीपटका पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी को एमडी पाउडर के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दिनांक 5 जून की रात करीब 11:30 बजे के आसपास की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जरीपटका पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने एक दिन पहले ही चावला चौक पर नितेश विखानी और आकाश केवलरमानी नामक दो युवकों को 5 ग्राम एमडी ड्रग्स बेचते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया था । उनसे पूछताछ में ही पता चला कि इस ड्रग्स को लुंबिनी नगर में रहने वाली एक महिला तस्कर से खरीदा गया है। इसी जानकारी के बाद पुलिस ने लुबीनी नगर, अशोक वाटिका क्षेत्र में एक महिला के घर में पुलिस ने तुरंत छापा मारा। इस दौरान आरोपी प्रीति अनिल गजभिये (45) लुबीनी नगर, रमाई बुद्ध विहार के पास, जरीपटका, निवासी को मौके पर ही पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके रसोईघर में एक डिब्बे में लिपलॉक पाउच में कुल 44.93 ग्राम एम.डी. पावडर बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 89,860 है। पुलिस के अनुसार, महिला आरोपी यह मादक पदार्थ आर्थिक लाभ के उद्देश्य से बेचने के लिए रखी हुई थी। बताया जा रहा है कि 1 साल पहले भी इस महिला को मायानगर से एमडी ड्रग्स बेचते हुए पुलिस ने पकड़ा था । परंतु अब उसने अपना पता बदल दिया था और लुंबिनी नगर में पिछले तीन महीनों से किराए के कमरे में रहकर ड्रग्स तस्करी के इस धंधे को अंजाम दे रही थी। आरोपी महिला तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(सी), 21(बी) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम, सहायक पुलिस आयुक्त (जरीपटका विभाग) सत्यवान बंडीवार के मार्गदर्शन में वपुनि अरुण क्षीरसागर, सपुनि शशिकांत तायडे, पुलिस हवालदार पंकज ठाकुर, नापुअं तरंग शर्मा, पुअ प्रमोद, मंगेश, राहुल चौहान और मपुअं नमिशा की टीम द्वारा की गई।

## तलवार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** अंबाझरी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात अपराध शाखा यूनिट क्रमांक 2 की टीम ने एक आरोपी को अवैध रूप से तलवार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 5 जून 2025 को रात करीब 10:05 बजे पुलिस टीम अपने थाना परिसर में गस्त कर रही थी और पुराने हिस्ट्री सीटर अपराधियों के घरों की तलाशी ले रही थी। इसी दौरान पांढराबोडी जयनगर, ट्रस्ट ले-आउट, अंबाझरी में रहने वाले रविंद्र मधुकर इंगोले (41) के घर की पंचनामा के तहत तलाशी ली गई। जांच में यह सामने आया कि आरोपी ने अपने घर में एक लोहे तलवार छिपाकर रखी थी। पुलिस ने तलवार को जब्त कर लिया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1,000 बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि आरोपी यह घातक हथियार किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने के उद्देश्य से अपने पास रखे हुए था। आरोपी ने शस्त्र बंधी आदेश का उल्लंघन किया है, इसलिए उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 4/25 व महाराष्ट्र पोलीस अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत अंबाझरी पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

CMYK

# रोहणा-पारशिवनी पाइपलाइन मार्ग बना जानलेवा

## >वाहन चालकों की बढ़ी मुश्किलें

**पारशिवनी.**

पारशिवनी से रोहणा की ओर जाने वाला पाइपलाइन मार्ग इन दिनों आम लोगों और किसानों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। रास्ते की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि वाहन चालकों को जान हथेली पर लेकर गड्ढों, उखड़ी गिट्टी और बिखरे पत्थरों से होकर गुजरना पड़ता है।इस मार्ग से हजारों किसान और मजदूर अपने खेतों में काम करने जाते हैं। लेकिन सड़क की दुर्दशा के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेती-बाड़ी का सामान लाने-ले जाने में रुकावटें आ रही हैं। बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कुछ लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी, और कई अपंग हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले दो वर्षों से इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। नागपुर, वलनी, पारडी, खंडाला, इटगांव, तामसवाड़ी जैसे क्षेत्रों के निवासी रोज इसी मार्ग से सफर करते हैं। बावजूद इसके संबंधित विभाग और अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे। स्थानीय नागरिकों और किसानों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत की मांग की है, ताकि आने वाले बरसात के मौसम में और अधिक दुर्घटनाएं न हों।

### स्थानीय नेताओं की प्रतिक्रिया:



"यह रास्ता जिस विभाग के अधीन आता है, उस विभाग को तत्काल इसकी मरम्मत करनी चाहिए। यह एक संवेदनशील मामला है, जिससे रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। संबंधित अधिकारीयों को इसका संज्ञान लेना चाहिए ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो।"

**अर्चना भोयर, पूर्व जिला परिषद सदस्य**



"कई बार शिकायतें करने के बावजूद अधिकारी इस विषय पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। अब समय आ गया है कि इन लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। तभी जाकर इस सड़क की मरम्मत की कोई उम्मीद बन सकती है।"

**गुणेश भक्ते, युवा किसान**



"हजारों लोग इस मार्ग से रोज गुजरते हैं। सड़क की हालत बेहद खराब है और रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। जनप्रतिनिधियों को तुरंत प्रयास कर मरम्मत का कार्य शुरू करवाना चाहिए।

**देवीदास घारड, किसान - पारडी**

# एड. मनोज खंगारे और एड. तेजस कुबिटकर आईएमसी सदस्य नियुक्त

**सावनेर.**



शहर के प्रसिद्ध विधिज्ञ एड. मनोज खंगारे व एड. तेजस कुबिटकर को महाराष्ट्र शासन द्वारा स्व. अण्णाजी कुबिटकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सावनेर के आईएमसी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के अवसर पर आईएमसी अध्यक्ष संजय भोंगे तथा संस्था के प्राचार्य प्रशांत नांदुरकर ने दोनों नवनियुक्त सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर सन्मान किया। इस अवसर पर संस्था परिसर में एक सादे लेकिन गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नवनियुक्ति पर शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं, जिनमें समाजसेवी तथा जवाहर कन्या विद्यालय वाकोडी के मुख्याध्यापक मदन डहाके, सावनेर तालुका पत्रकार संघ अध्यक्ष किशोर ढुंढेले, पर्यावरण प्रेमी व जलतारा स्वयंसेवक भूषण कुबडे, शिवचरित्र व्याख्याता शैलेश ढबाले, युवा उद्योजक व आईएमसी सदस्य सोनू रावसाहेब प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा, संस्था के गट निदेशक भोयर सर, लोही सर, घनश्याम कटरे, हर्ष बुरे समेत अनेक शिक्षक व कर्मचारियों ने भी अँड. खंगारे व अँड. कुबिटकर को बधाई दी। आईएमसी में उनकी नियुक्ति से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्रबंधन और छात्रों के हितों को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

# नाटक 'संघ गंगा के तीन भगीरथ' से दर्शक हुए भावविभोर

**रामटेक.**







कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीन आदरणीय सरसंघचालकों के जीवन और योगदान पर आधारित विशेष नाटक "संघ गंगा के तीन भगीरथ" का मंचन परमपूज्य गुरूजी (एम.एस. गोलवलकर) की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. तोतड़े सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे. विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके सरसंघचालकों ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य किया है। डॉ. हेडगेवार, गुरुजी और उनके उत्तराधिकारियों का जीवन त्याग, तपस्या और समर्पण की मिसाल है, जिसका ऋण चुकाना संभव नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि गुरुजी के संस्कृतप्रेम को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2019 में विश्वविद्यालय द्वारा एक संस्कृत गुरुकुल की स्थापना की गई, जो उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बना है। इस प्रभावशाली नाटक के मंचन में जीवंत अभिनय करने वाले सभी कलाकारों का कुलगुरु प्रो. त्रिपाठी के हाथों सम्मान किया गया। नाटक का निर्देशन संजय पेंडसे ने किया। उन्होंने मंचन के लिए विश्वविद्यालय को धन्यवाद दिया और कलाकारों की प्रतिबद्धता की सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामटेक के विधायक और महाराष्ट्र सरकार के अर्थ राज्यमंत्री ॲड. आशिष जयस्वाल, नाटक के निर्देशक संजय पेंडसे, रामटेक भाग के संचालक जयंत मुलमुले, तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दीपक कापडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभिक प्रस्तावना डॉ. दीपक कापडे ने प्रस्तुत की, जबकि संचालन का कार्य डॉ. सुमित कठाळे ने किया। आयोजन में रामटेक के नागरिकों, विशिष्ट अतिथियों तथा विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। यह आयोजन केवल एक नाट्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के पथ पर प्रेरणा देने वाला एक सांस्कृतिक संदेश बनकर उभरा।

# हर्षोल्लास से मनाई ईद-अल-अज़हा

## > ईद उल-अज़हा त्याग-समर्पण तथा आस्था का प्रतीक है....

**कोंढाली.**





इस्लामिक समुदाय का प्रमुख त्योहार ईद उल-अज़हा शनिवार को पूरे श्रद्धा, अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। कोंढाली क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में हजारों मुस्लिम भाईयों ने सुबह 09 बजे नमाज अदा की। मुख्य आयोजन कुलसम अम्मा दरगाह के समीप स्थित मुख्य ईदगाह में हुआ, जहां बड़ी संख्या में नमाजी एकत्र हुए। नमाज के पश्चात उपस्थित धर्मगुरुओं (मौलवियों) ने ईद उल-अज़हा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, बलिदान और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर मानवता और सेवा के लिए समर्पित होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने देश-दुनिया में अमन और शांति की दुआ मांगी। कोंढाली के साथ-साथ शनिवार पेठ और शिरमी की मस्जिदों में भी सुबह 9 बजे ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और सर्वधर्मीय भाईचारे का संदेश दिया।

त्योहार के अवसर पर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोंढाली पुलिस थाने की ओर से विशेष सुरक्षा बंदोबस्त किया गया था। थानेदार राजकुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक धवल देशमुख, सलिम शेख, रोशन खांडेकर, नपोशि अमित पवार सहित पूरे स्टाफ ने कोंढाली, कचारी सावंगा, शीवा और बाजार गांव में गश्त और निगरानी की। कोंढाली थाना क्षेत्र में लगभग 2500 से अधिक मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा की। आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

# गुमथला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 19.80 करोड़ स्वीकृत

**कामठी.**



तालुका के गुमथळा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन और कर्मचारी आवास के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा 19 करोड़ 80 लाख का फंड स्वीकृत किया गया है। सरपंच प्रणाली योगेश डाफ ने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। गुमथळा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत राज्य सरकार द्वारा 1964 में की गई थी। इसकी इमारत पुरानी हो चुकी थी और बढ़ती आबादी के हिसाब से अपर्याप्त भी थी। गुमथळा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 28 गांवों से 300 से अधिक नागरिक स्वास्थ्य जांच करवाते हैं, जिससे नागरिकों को जगह की कमी के कारण काफी परेशानी होती थी। गुमथळा ग्राम पंचायत की सरपंच प्रणाली योगेश डाफ ने इस समस्या का समाधान करने के लिए पिछले तीन वर्षों से पहल की। उन्होंने राजस्व मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के मार्गदर्शन में राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से लगातार संपर्क किया गया और गुमथळा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन उपलब्ध कराने की मांग की। राजस्व मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने इस मामले पर ध्यान दिया और राज्य सरकार से सभी सुविधाओं से युक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन और कर्मचारी आवास के लिए 19 करोड़ 80 लाख का फंड मंजूर करवाया। सरपंच प्रणाली योगेश डाफ ने बताया कि जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

राज्य सरकार द्वारा गुमथळा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन और कर्मचारी आवास के निर्माण के लिए 19 करोड़ 80 लाख का फंड स्वीकृत होने पर सरपंच प्रणाली डाफ ने पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, नागपुर जिला भाजपा महामंत्री अनिल निधान, भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी योगेश डाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने गांव के विकास के लिए हमेशा सहयोग करने का अनुरोध भी किया।

# भाजपा ज़िला मंत्री बिल्लरवान मध्यप्रदेश दौरे पर

**कामठी.**

अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी का निरीक्षण हेतु अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आयटी सेल मीडिया व भारतीय जनता पार्टी नागपुर ज़िला मंत्री दिनेश बिल्लरवान सहित प्रदेश अध्यक्ष रवि करोसिया, महासचिव दुर्गाप्रसाद कोरी, प्रदेश सचिव सुरेश चिंटोले, ज़िला अध्यक्ष दीपक परदेसी मध्यप्रदेश के दौरे में है। प्रवक्ता दिनेश बिल्लरवान ने बताया कि नागपुर से पांढुरना में जिला अध्यक्ष गोपी तेजी, अरविंद ओरिया, मुल्ताई में ज़िला अध्यक्ष निलेश चावरिया, राजा चंडालिया, बैतूल जिला अध्यक्ष संजय गोहर, संजय करोसिया, उमेश बेसरे, इटारसी में जिला अध्यक्ष सचिन कटारिया, राधा मैना, नर्मदापुरम में देवीदास चावरिया, धीरज बहुत्रा, नीरज नारिया के साथ इटारसी में मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम डागोर और संपूर्ण मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी इटारसी में चालु है 5 और 6 अगस्त को होने वाले इस भव्य राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ वाल्मीकि महासभा के 24 प्रांतों और 4 महानगरों के अध्यक्षों और विधायक, सांसद, मंत्रियों की उपस्थिति रहेंगी। संपूर्ण भारत से वाल्मीकि महासभा के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। इस राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा हैं।

# हत्या के आरोप से चारों आरोपी को मिली बरी

## > बचाव पक्ष के वकील जलतारे का युक्तिवाद निर्णायक

**नागपुर.**





भांडेवाड़ी इलाके में वर्ष 2019 में हुई अभिषेक हुमणे की हत्या के मामले में नामजद चारों आरोपियों प्रतीक खांडेकर, आदित्य पारधी, आदित्य वाडीभस्मे और मोहन सांडेल को नागपुर जिला एवं सत्र न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एम. आर. पुरवार ने निर्दोष करार देते हुए बरी कर दिया। इस केस में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता चंद्रशेखर जलतारे ने सशक्त और तथ्यों पर आधारित युक्तिवाद प्रस्तुत किया। सरकारी पक्ष के अनुसार, दिनांक 7 अक्टूबर 2019 को रात 9:30 बजे रोहित चणेकर के जन्मदिन की पार्टी चल रही थी। इस दौरान नाचते समय मृतक अभिषेक हुमणे का धक्का एक आरोपी से लग गया, जिसको लेकर झगड़ा हुआ। बाद में झगड़ा शांत हो गया और आरोपी वहां से चले गए। कुछ समय बाद जब अभिषेक अपने दोस्तों के साथ वापस जा रहा था, तभी चारों आरोपी दोबारा आए और उन्होंने लकड़ी की बल्लियों व पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट दुर्गेश लारोकर नामक मित्र ने पारडी पुलिस स्टेशन में सुबह 4 बजे दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। तत्कालीन पुलिस अधिकारी भारत शिंदे ने जांच की, 18 प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान लिए, और आरोपियों से कथित खून से सने कपड़े बरामद किए। घटना स्थल से दगड़ और लकड़ी की बल्लियां भी जब्त की गईं। सरकार पक्ष की ओर से एपीपी कमलाकर ने कोर्ट से मांग की कि प्रत्यक्षदर्शी गवाहों व पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को कठोर सजा दी जाए।

वहीं, एड. चंद्रशेखर जलतारे ने बचाव पक्ष की ओर से तर्क दिया कि: एफआईआर दर्ज करने में काफी विलंब हुआ, जिसका कोई ठोस कारण नहीं बताया गया।घायल को अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन अस्पताल रिकॉर्ड में यह उल्लेख है कि "अज्ञात लोगों द्वारा घायल किया गया है", जिससे यह साबित होता है कि उस समय आरोपियों की पहचान स्पष्ट नहीं थी।

# राज्याभिषेक समारोह संपन्न



**सावनेर.**

6 जून को वाघोड़ा, डब्ल्यूसीएल मित्र परिवार एवं जनसेवा बहु उद्देशीय संस्था द्वारा भगवा चौक, वाघोड़ा में शिवराज्याभिषेक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत सुबह 5 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के वैदिक अभिषेक के साथ हुई। इस अवसर पर वाघोड़ा मित्र परिवार एवं जनसेवा बहू उद्देशीय संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। शिवराज्याभिषेक समारोह में पूर्व जिला परिषद सदस्य ज्योति शिरसकर, ग्राम. वा. सरपंच शिप्रा खेड़कर ,ग्रामपंचायत सदस्य लताताई लांडगे उपस्थित थे। गोतमारे गुरुकुल के संस्थापक भाऊ गोतमारे एवं उनके विद्यार्थियों ने सुबह-सुबह समारोह में उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान किया। डब्ल्यूसीएल, सावनेर के उप क्षेत्रीय प्रबंधक एम.के. सिंह, साथ ही सरकारी औद्योगिक संस्थान, सावनेर के प्राचार्य, प्रशांत नांदुरकर सर और उनके सहयोगियों, सावनेर मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष किशोरभाऊ धुंडेले,जवाहर विद्यालय वाकोडी के मुख्याध्यापक मदन डहाके, शिवव्याखाते शैलेश ढाबले, जलतारा अभियान के भूषणभाऊ कुबड़े और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने छत्रपति शिवाजी महाराजके पुतले पर माल्यार्पण किया।

शिवराज्याभिषेक समारोह को संपन्न कराने में मुख्य रूप से राकेश भरत सूर्यवंशी, प्रणय बटोले, अस्मित लोखंडे, आर्यन कश्यप, हर्षल बर्डे, धीरज प्रसाद, अक्षर कारेमोरे, तरूण चौहान, तेजस कुरील, रोशन घ्यार, भूषण लाड, गौरव बनकर योगेश आचार्य एवं संस्था के अन्य सदस्यों ने कड़ी मेहनत की।

# सेवानिवृत्त पीएसआई की कार से उड़ा ले गए कैश बैग

**नागपुर.**

शहर के नंदनवन थाना क्षेत्र में बुधवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब बाइक सवार दो अज्ञात लुटेरों ने दिनदहाड़े एक कार से 5.50 लाख रुपये की नकदी लूट ली। यह घटना वर्धमान नगर स्थित एसबीआई बैंक से पैसे निकालकर लौट रहे सेवानिवृत्त पीएसआई देवेंद्र गणवीर के साथ घटी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवेंद्र गणवीर, जो पुलिस विभाग से पीएसआई पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, वे अपने बेटे के साथ कार में एसबीआई वर्धमान नगर शाखा से पैसे निकालकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वे नंदनवन थाना क्षेत्र के ट्रेंड्स शोरूम के पास पहुंचे, तभी बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें इशारा करके बताया कि उनकी कार का टायर पंक्चर हो गया है। देवेंद्र गणवीर का बेटा गाड़ी से उतरकर पास में पंक्चर दुकान तलाशने गया। तभी पीछे से एक अज्ञात युवक आया और कार का दरवाजा खोलकर कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गया। दूसरा युवक पहले से बाइक स्टार्ट किए खड़ा था। दोनों चंद सेकंड में फरार हो गए। बैग में कुल 5 लाख 50 हजार रुपये की नकदी रखी थी, जिसे बैंक से निकालकर लाया गया था।

# गांव-गांव पहुंच रहा आरआर बीटी कॉटन बीज

## > प्रतिबंध के बावजूद किसानों की पहली पसंद आर आर

**> जगदीश कुर्डा**

**कारंजा-घा.**



केंद्र सरकार द्वारा 3 से 4 वर्ष से बीटी 3 टेक्नॉलाजी के कॉटन बीज को मान्यता देने की चर्चा जोरों पर थी किंतु, अभी तक इसमें मान्यता नहीं मिल पाई है प्रतिबंध के बावजूद किसानों की पहली पसंद बना आर आर गांव गांव पहुंच रहा है. कारंजा तहसील में अंदाजन 60 प्रश बुआई होने की बात बताई जा रही है.

राज्य में बीटी 3 टेक्नालाजी को मान्यता नहीं होने से गुजरात तथा आंध्रप्रदेश से अवैध मार्ग से एजंटों के माध्यम से बडी मात्रा में बीज तहसील में पहुंच रहा है. तहसील के तरोडा, काकडा, परसोडी, बेलगांव, सुसुन्द्रा, नारा,आजनादेवी, एकांबा, पारडी, हेटीकुंडी,आष्टी तहसील के साहूर, आनंदवाडी, भारसवाडा, परसोडा, अंतोरा, खडकी, झाडगांव, वडाला, माणिकवाडा, आर्वी तहसील के सिरपुर, नांदगांव, जलगांव, वर्धमनेरी, वाढोणा, रोहणा, पाचोड, खराशी, दहेगांव, बोरगांव आदि कपास उत्पादक पट्टों के किसानों तक यह प्रतिबंधित बिज की आपूर्ति हो रही है. उपरोक्त उल्लेख किए गए गावों में आरआर किसानों की 70 से 80 प्रतिशत किसान अपनी पहली पसंद दिखाई दे रही है. जब बाकी जगहों पर इस वर्ष आर आर 3, 50 प्रतिशत किसानों की पहली पसंद दिखाई दे रही है.

कुछ किसानों को पुछने पर उन्होंने बताया कि कपास लगाने के बाद निदाई (खरपतवार) के लिए मजदूर नहीं मिलते इस कारण फसल पर विपरीत परिणाम होकर फसल पर काफी परिणाम होता है मजदूरों को दुसरे गांव से वाहनों से लाना पडता है. उन्हें उपके पहुंचाने की भी व्यवस्था करनी पडती है जिसके कारण खर्च काफी बढ जाता है. आर आर 3 लगाने के बाद वे निदाई के बजाए ग्लायसेल नाम दवा मारने से घास नष्ट हो जाता है. जिसके कारण उन्हें मजदूरों की जरूरत नहीं पडती

वर्ष 2021-22 की तुलना में 2022-23 में ग्लायसेल की बिक्री 3 गुना बढ गई है. इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि, आरआर की बिक्री में विगत 2 वर्ष से काफी उछाल आया है. इसके चलते बीटी 2 बिज की बिक्री पर खतरा मंडरा रहा है.

सरकार द्वारा अबतक बीटी 3 तकनीक को मान्यता प्रदान न होने के बावजूद गुजरात तथा आंध्र प्रदेश की कंपनियों द्वारा अवैध तरिके से इस कॉटन बीटी 3 तकनीक बनाकर इन बीजों की बिक्री की जा रही है. हालाकि कृषि विभाग को इसकी पूरी जानकारी होने के बावजूद कृषी विभाग आँखो पर पट्टी बांधकर बैठा है.

गांव गांव के कृषी सेवा केंद्र के संचालक काफी चिंता में दिखाई दे रहे है उन्हें यह चिंता सताने लगी है कि, उनके पास जो कपास के बिजों का स्टाक पडा है वह बिकेगा या नहीं.

एक ओर अवैध बीटी 3 कॉटन दलालों के माध्यम से किसानों के घर तक पहुंचा रहे है वहीं सारे नियम कायदे अधिकृत बीज बिक्रेताओं पर लादे जाते है यह अवैध बीज किसानों के पास अप्रैल व मई माह में पहुंच जाते है.

इसके बावजूद कृषी विभाग इस पर कोई लगाम नहीं लगा पाया है हालाकी दलालों के बारें में अगर कृषी विभाग कमर कस ले, तो दलालों का पता लगाना कोई बडी बात नहीं है. बिना मान्यता प्राप्त अवैध बीटी 3 बिजों की बिक्री करना तथा बुआई करना अपराध है.

### गुलाबी इल्ली से किसान परेशान

तरोडा के एक किसान से बात की तो उसने बताया कि उसके गांव में 80 प्रतिशत किसानों ने यह बिज खरेदी किए है. इसी तरह की स्थिती बहुत से गांव में होने की बाते कही जा रही है. शुरूआत में बीटी 2 की तकनिक लाई गई थी. उस वक्त कपास उत्पादक को अच्छा उत्पादन हुआ था लेकिन पिछले कुछ वर्ष से कपास के बोंड में गुलाबी ईल्लियों का प्रकोप बढ जाने से किसानों को कपास फसल पर काफी असर पडा है. जिससे किसान काफी निराश है. खर्च के किसाब से उसे दाम न मिलना भी एक बडा कारण बताया जा रहा है.

# पोरवाल कॉलेज में मनाया गया 351वां शिवराज्याभिषेक दिवस



**कामठी.**

स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के इतिहास विभाग एवं विशेष दिवस कार्यक्रम समिति के संयुक्त तत्वावधान में जाणता राजा छत्रपति शिवाजी महाराज का 351वां राज्याभिषेक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्रपति शिवाजी महाराज की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्वलित करके व महाराष्ट्र गीत के साथ किया गया। विशेष दिवस कार्यक्रम समिति के संयोजक एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सावजी तागड़े ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए शिवराज्याभिषेक के प्रसंग को जीवंत कर एवं इसकी आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती ने अष्टप्रधान मंडल की जानकारी देते हुए कहा कि स्वराज्य कल्याणकारी राज्य था । उपप्राचार्य डॉ. रेणु तिवारी ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा महिलाओं को दी गई सुरक्षा एवं सम्मान की प्रासंगिकता पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. संजीव शिरपुरकर, डॉ. जयंत रामटेके, डॉ. इफ्तेखार हुसैन, डॉ. किशोर ढोले, डॉ. आशा रामटेके. डॉ. महेश जोगी, डॉ. विकास कामडी, डॉ. सूरज कोम्बे, डॉ. समृद्धि टापरे, डॉ. प्रियंका भोयर, लाइब्रेरियन शिल्पा हिरेखान, प्रफुल्ल धनविजय, पूर्वयी तलवे, विवेक मेश्राम, मिश्रा, महेश इरपाते, गबड़बाई सहित शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे। समारोह का संचालन राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैप्टन मोहम्मद असरार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन विशेष दिवस कार्यक्रम समिति के सदस्य डॉ.तारुण्य मुलतानी ने दिया।

CMYK

# शिवराज्याभिषेक दिवस पर राष्ट्रवादी कांग्रेस के सदस्यता अभियान की शुरुआत

**हिंगनघाट.**




छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस के पावन अवसर पर हिंगनघाट विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के सदस्यता पंजीयन अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम हिंगनघाट कृषि उपज बाजार समिति परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें पार्टी के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी स्थानीय स्वराज्य निकाय चुनावों—जैसे कि जिला परिषद, पंचायत समिति और नगर परिषद में पार्टी के प्रभावी प्रदर्शन के संकल्प को दोहराया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे:वरिष्ठ नेता एवं बाजार समिति अध्यक्ष सुधीर कोठारी,प्रदेश उपाध्यक्ष दिवाकर गमे,जिला अध्यक्ष शरद सहारे,पूर्व नगराध्यक्ष सुरेश मुंजेवार,श्रमिक नेता आफताब खान इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पार्टी प्रमुख अजित दादा पवार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल पटेल और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे के नेतृत्व को सशक्त बनाने हेतु जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे एकजुट होकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्य बनाएं।

कार्यक्रम में अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें विशेष रूप से: बाला मानकर, पंकज काकड़े, शेख शरीफ, दिनेश गुजरकर, गजू दुर्गे, अविनाश गमे, अविनाश नवरखेड़े, विनोद हिवंज, राजू झाडे, बापुराव देशमुख, नरेंद्र थोरात, संजय चव्हाण, माणिक लांडगे, दीपक माडे, राजेश धनरेल, संजय कातरे, भोला निखाड़े, गणपत गाडेकर, विक्रांत भगत, विक्की वाघमारे, गोपाल पुरोहित, नितिन सुटे, नकुल भाईमारे, हुसैनभाई, रोहित आस्कर, अनुप पुसदेकर, नरेश पंपनवार, मनोज सावंत, प्रशांत कांबले, देवानंद भगत, जया लावटे, और अन्य पदाधिकारी प्रमुख रहे। इस भव्य आयोजन में पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश और संकल्प साफ नजर आया, जो आने वाले चुनावों में पार्टी की मज़बूत उपस्थिति का संकेत दे रहा है।

# विदर्भ के सभी जिले समृद्धि हाईवे से जुड़े हुए हैं

**नागपुर.**



नागपुर-मुंबई (वास्तव में ठाणे) समृद्धि राजमार्ग के अंतिम चरण का उद्घाटन गुरुवार को मुख्यमंत्री ने किया। इस राजमार्ग की घोषणा 2014 में की गई थी, जिसे 2019 में पूरा किया जाना था और वास्तव में इसे 2025 में पूरा किया जाना था। इस राजमार्ग से गढ़चिरौली, चंद्रपुर और विदर्भ के छह अन्य जिलों को लाभ मिलेगा। सरकार का दावा है कि 701 किलोमीटर लंबे इस हाईवे से नागपुर-मुंबई की दूरी आठ घंटे में पूरी की जा सकेगी। नागपुर से शिरडी तक के 500 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2022 में नागपुर में किया था। हाईवे के अंतिम चरण का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इगतपुरी में किया। यह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाईवे के सपने को अंतिम रूप से पूरा करने का प्रतीक है।

नागपुर से शुरू होने वाला यह राजमार्ग विदर्भ के नागपुर, वर्धा, अमरावती, वाशिम, अकोला और बुलढाणा जिलों से होकर गुजरता है। राज्य के हिस्से वाले चंद्रपुर और गढ़चिरौली जिलों को समृद्धि से जोड़ने के लिए नागपुर से चंद्रपुर और नागपुर से गढ़चिरौली तक नए राजमार्ग बनाने का काम चल रहा है।

नागपुर से समृद्धि जाना हो तो शिवमड़का से प्रवेश द्वार है। नागपुर के बाद आने वाले वर्धा जिले के नागरिक अगर इस राजमार्ग पर आना चाहते हैं तो येलकेली (जिला वर्धा) से सड़क है। अमरावती जिले के नागरिकों और वाहन मालिकों के लिए समृद्धि राजमार्ग पर जाने के लिए धामणगांव रेलवे (जिला अमरावती) से प्रवेश द्वार है। वाशिम जिले के लिए करंजा लाड (जिला वाशिम) से संपर्क मार्ग उपलब्ध कराया गया है। अकोला जिले से बोरगांव मंजू से प्रवेश द्वार और विदर्भ के अंतिम छोर पर स्थित बुलढाणा जिले से समृद्धि राजमार्ग पर जाने के लिए मेहकर से प्रवेश द्वार उपलब्ध कराया गया है।

# विकास कार्य केवल कागजों पर न हों

## > खेल मंत्री भरणे ने अधिकारियों को चेताया

**अकोला.**



खेल मंत्री और वाशिम जिले के पालकमंत्री दत्तात्रेय भरणे ने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि विकास कार्य सिर्फ कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें जमीन पर लागू किया जाना चाहिए। पालकमंत्री ने जिले में लंबित कार्यों पर कड़ी नाराजगी जताई है।

पालकमंत्री ने 6 जून को जिला कलेक्टर कार्यालय के राजे वक्ता सभागृह में समीक्षा बैठक ली। बैठक में विधायक श्याम खोड़े, विधायक किरण सरनाईक, जिला कलेक्टर भुवनेश्वरी एस., मुख्य कार्यकारी अधिकारी वैभव वाघमारे, उप वन संरक्षक अभिजीत वैकोस, निवासी उप कलेक्टर विश्वनाथ घुगे, जिला नियोजन अधिकारी राजेश सोनखसकर, जिला शल्य चिकित्सक डॉ. अनिल कवरखे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.एस. थोम्ब्रे, जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी आरिफ शाहा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जिले में विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ लंबित कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता है। पालकमंत्री ने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि जनता को तत्काल सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर पालकमंत्री ने कृषि, जलसंधारण, महावितरण, जलापूर्ति, स्वास्थ्य, सार्वजनिक निर्माण, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण आदि विभागों की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। कई विकास कार्य लंबित होने का एहसास होने के बाद, पालकमंत्री ने उन्हें तुरंत पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

जल संरक्षण के कामों को जल्द पूरा किया जाना चाहिए और किसानों को इसका लाभ मिलना चाहिए। महावितरण विभाग को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। स्वास्थ्य सुविधाओं को तुरंत सुधारना चाहिए और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक मानव शक्ति और उपकरण प्रदान किए जाने चाहिए।

# मोहता बगीचा क्षेत्र में दिनदहाड़े दो चोरियां, पुलिस के लिए नई चुनौती

**हिंगनघाट.**

शहर के संत तुकड़ोजी वार्ड स्थित मोहता बगीचा क्षेत्र में दिनदहाड़े दो घरों में चोरी की घटनाओं से इलाके में दहशत फैल गई है। ये घटनाएं गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे उस वक्त हुईं, जब दोनों घरों में कोई मौजूद नहीं था। पहली चोरी मजदूर ठेकेदार प्रमोद पाटिल के घर पर हुई, जहां से चोरों ने करीब साढ़े तीन तोला सोने के आभूषण और 70,000 नकद चुरा लिए। दूसरी घटना पंचायत समिति में कार्यरत मनीष गोटे के घर में हुई, जहां से दो चांदी के सिक्के और 3,500 नकद चोरी हो गए। दोनों ही घटनाएं ऐसे समय में हुईं जब घर के सदस्य बाहर थे, जिससे स्पष्ट होता है कि चोरों ने पहले से रेकी कर रखी थी। इससे पहले 31 मई को भी इसी मोहल्ले में 4-5 चोरियां हुई थीं, जिससे यह आशंका और गहराई है कि इलाके में सक्रिय चोर गिरोह लगातार रेकी कर वारदातों को अंजाम दे रहा है। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी है। वर्धा से डॉग स्क्वाड भी बुलाया गया, लेकिन फिलहाल चोरों का कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय नागरिकों में रोष और असुरक्षा का माहौल है।



पुलिस प्रशासन के सामने यह एक बार फिर गंभीर चुनौती बनकर उभरा है।

# दस्तावेज़ के लिए इंतजार करने पर भड़के आरोपी

## > बोर्ड अधिकारी पर कटर से हमला

**अकोला.**

शहर में शुक्रवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई जब तलाठी कार्यालय में दस्तावेज़ों के लिए इंतजार करने को कहने पर दो युवकों ने गुस्से में आकर बोर्ड अधिकारी पर कटर से हमला कर दिया। इस हमले में अधिकारी घायल हो गया, वहीं आरोपियों ने कार्यालय में तोड़फोड़ करते हुए सरकारी कार्य में बाधा भी पहुंचाई।

घटना के तुरंत बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी कार्यालय में अपने दस्तावेज़ों को लेकर जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

जब अधिकारी ने उन्हें प्रक्रिया के तहत थोड़ा इंतजार करने को कहा, तो दोनों युवक आक्रोशित हो गए और उन्होंने कटर से हमला कर दिया। इसके बाद ऑफिस में तोड़फोड़ कर माहौल को भयभीत कर दिया। यह घटना न केवल सरकारी कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सरकारी कार्यालयों में काम कर रहे कर्मचारियों को भी आए दिन असहज स्थितियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# वेदांत कोलसे का लेफ्टिनेंट पद पर चयन

## आधार फाउंडेशन ने किया गौरवपूर्ण सम्मान



**हिंगनघाट.**

केंद्रीय लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा में स्थानीय रीठे कॉलोनी निवासी वेदांत प्रभाकर कोलसे ने देशभर में 366वीं रैंक प्राप्त कर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर वर्धा जिले और हिंगणघाट शहर का नाम रोशन किया है। वेदांत की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर आधार फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनका सम्मान किया गया। फाउंडेशन ने उन्हें पौधा, शॉल, स्मृति चिन्ह और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान वेदांत ने अपनी सफलता की यात्रा साझा करते हुए छात्रों को मेहनत, लगन और अनुशासन का संदेश दिया।

आधार फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अतुल वांदिले ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और युवाओं को प्रेरणा लेने की बात कही। इस मौके पर वेदांत के माता-पिता प्रभाकर कोळसे और प्रतिभा कोळसे का भी सार्वजनिक रूप से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में माधुरी विहिरकर, नीलेश गुल्हाने, प्रा. डॉ. शरद विहिरकर, जगदीश वांदिले, डॉ. गिरिधर कचोळे, चन्द्रशेखर निमट, राजेश कासवा, मधुकर चाफले, सुरेश गुंडे, सुहास घिनमिने, माया चाफले, ज्योति धार्मिक, वैशाली लांजेवार समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वेदांत की यह सफलता न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है।

# हल्दगांव पाटी के पास दुपहिया वाहन की ट्रक से टक्कर

## > एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल



**समुद्रपुर.**

नागपुर-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर हल्दगांव पाटी के पास शनिवार 7 जून को दोपहिया वाहन सवारों की ट्रक से टक्कर में एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, मांडगांव निवासी दिनेश माहुर्ले और ज्ञानेश्वर डडमल जामसावली से भगवान की पूजा कर लौट रहे थे। दोपहर लगभग 2 बजे जब वे राष्ट्रीय राजमार्ग पर हल्दगांव पाटी के पास थे, तभी उनकी बाइक ट्रक (आर जे 32 जी सी 7678) से जा टकराई। इस हादसे में दिनेश माहुर्ले के सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ज्ञानेश्वर डडमल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद समुद्रपुर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। थानेदार रविंद्र रेवतकर के निर्देशन में जांच जारी है। यह हादसा दोपहिया वाहन चालकों की लापरवाही का एक और उदाहरण माना जा रहा है, जिसके कारण भारी मानव जीवन की क्षति हुई है।

# पाखी वांदिले के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

## > दिया हरियाली का उपहार

**हिंगनघाट.**




राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले की पुत्री पाखी वांदिले के पांचवें जन्मदिन के अवसर पर श्री साई मंदिर के सामने के क्षेत्र में पाच वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर अतुल वांदिले ने पर्यावरण और मानव जीवन के बीच के अटूट रिश्ते को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रकृति ने मानव को सब कुछ दिया है, लेकिन उसकी उचित सुरक्षा न होने से पर्यावरण संकट गहराता जा रहा है।

अतुल वांदिले ने आगे कहा कि वर्तमान में प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं के कारण मानव जीवन पर गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने शुभ अवसरों पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं ताकि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण छोड़ा जा सके।

इस कार्यक्रम में साईं प्रतिष्ठान के अध्यक्ष योगेश्वर महाराज, नामदेवराव वांदिले, विनोद कुबडे, दशरथ ठाकरे, बालू वानखेड़े, पूर्व नगरसेवक दादा देशकरी, अमोल बोरकर, स्वाति वांदिले सहित कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय नागरिक मौजूद थे। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। इस पहल को क्षेत्र में सराहना मिल रही है और यह संदेश फैलाने में मददगार साबित होगा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है।

# कठिनाइयों पर विजय पाने की कला आवश्यक है: रामदास तड़स

**नागपुर.**

नागपुर संभाग के एनसीसी कैडेट्स को बाधा कोर्स प्रशिक्षण के उद्घाटन पर किया मार्गदर्शन देवली: 'जीवन संघर्ष से बना है। सफलता और असफलता हमारी मानसिकता पर निर्भर करती है। जीवन में कठिनाइयों पर विजय पाने वाले ही सफल होते हैं। इसी दृष्टि से सेना में एनसीसी कैडेट्स को बाधा कोर्स प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे उत्कृष्ट सैनिक बन सकें। इसलिए कठिनाइयों पर विजय पाने की कला आवश्यक है. यह बात पूर्व सांसद रामदास तड़स ने स्थानीय एस.एस. एन.जे कॉलेज के प्रांगण में बाधा कोर्स प्रशिक्षण के लिए नागपुर संभाग से आए एनसीसी कैडेट्स को मार्गदर्शन देते हुए कही।

उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद रामदास तड़स ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नागपुर संभाग बाधा कोर्स प्रशिक्षण प्रमुख कर्नल खांडेकर और कंपनी कमांडर कैप्टन मोहन गुजरकर, संतोष तुरक और गणेश शेंडे मौजूद थे।

कैप्टन मोहन गुजरकर ने परिचय दिया और बाधा कोर्स प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। नागपुर डिवीजन 3 शिविरों से कैडेट सैनिकों का चयन करता है और महाराष्ट्र राज्य स्तरीय शिविरों के लिए कैडेट सैनिकों का चयन करता है और वहां से, चयनित कैडेट सैनिकों को अक्टूबर महीने में आयोजित राष्ट्रीय सेना शिविर में भाग लिया जाता है।

# भाजपा जिला अध्यक्ष गाते ने पद ग्रहण किया

**वर्धा.**

भारतीय जनता पार्टी वर्धा के नवीन जिला अध्यक्ष संजय गाते ने छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस पर भावपूर्ण वातावरण में पदभार ग्रहण किया। स्थानीय स्वाध्याय मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों पदाधिकारी, कार्यकर्ता व गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। संजय गाते ने अपने संबोधन में कहा कि "भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। जिले की नंबर 1 पार्टी बन चुकी भाजपा की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मैं सभी को साथ लेकर कार्य करूंगा।उन्होंने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा को 100% समर्थन देने और कार्यकर्ताओं को ही जनप्रतिनिधि बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पालकमंत्री पंकज भोयर ने संजय गाते को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो जमीनी कार्यकर्ताओं को सम्मान और जिम्मेदारी देती है। उन्होंने कहा कि 'भाजपा में कार्यकर्ताओं के कार्यों का लेखा-जोखा रखा जाता है और उसी के आधार पर नेतृत्व सौंपा जाता है।' पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील गफाट ने अपने कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और नए अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूर्व सांसद रामदास तड़स, विधायक दादाराव केचे, सुरेश वाघमारे, प्रदेश सचिव सरिता गाखरे सहित अनेक नेताओं ने विचार व्यक्त किए।

# उत्साह और शांति के साथ मनाई गई बकरी ईद





**हिंगनघाट.**

ईद-उल-जुहा (बकरी ईद) का पावन पर्व हिंगनघाट शहर में पूरे उत्साह, श्रद्धा और शांति के वातावरण में मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह-सुबह ईदगाह में एकत्र होकर पारंपरिक ढंग से नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले लगाकर "बकरी ईद मुबारक" की शुभकामनाएं दीं। शहर के दोनों प्रमुख ईदगाह परिसरों में भारी संख्या में मुस्लिम भाई पहुंचे और नमाज अदा की। नमाज के बाद भाईचारे और इंसानियत का संदेश देते हुए सभी ने आपस में मिलकर त्योहार की खुशिया साझा कीं।ईद के इस मौके पर शहर का माहौल पूरी तरह सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण रहा। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित घटना से बचा जा सके। शहर में पुलिस की गश्त और निगरानी बनी रही, जिससे लोगों ने बेझिझक और सुरक्षित माहौल में ईद का त्योहार मनाया।

बकरी ईद सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह आत्म-त्याग, सच्चे इरादे और इंसानियत की शिक्षा देने वाला पर्व है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि अल्लाह पर विश्वास रखते हुए दूसरों की मदद करना और स्वार्थ को त्यागना ही सच्चा धर्म है।

हिंगनघाट में इस बार की ईद भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनकर सामने आई। हर गली और मोहल्ले में एक खास रौनक देखने को मिली और सभी समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को बकरी ईद की बधाई देकर शहर में एकता और मेलजोल की मिसाल पेश की।

# जलिंदर सुपेकर पर लगे आरोपों के कारण चर्चा में अमरावती जेल

**अमरावती.**

दहेज के लिए अपनी बेटियों को प्रताड़ित करने के आरोप में गिरफ्तार पुणे के नानासाहेब और गणेश गायकवाड़ के वकीलों ने आईपीएस अधिकारी जालिंदर सुपेकर पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद अमरावती जेल चर्चा में आ गई है। अमरावती जेल का निरीक्षण करने आए तत्कालीन जेल उप महानिरीक्षक जालिंदर सुपेकर ने गायकवाड़ को जमानत दिलाने के लिए 500 करोड़ रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता मेरा परिचित है। गायकवाड़ के वकीलों का कहना है कि उसने गायकवाड़ से कहा था कि अगर मैं तुम्हें 500 करोड़ रुपये दे दूंगा तो मैं तुम्हें बाहर निकाल दूंगा। यह मामला इस समय पूरे राज्य में चर्चा में है।

नानासाहेब और गणेश गायकवाड़ को 2021 में गणेश की पत्नी को दहेज के लिए परेशान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गणेश ने 2017 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और बाद में शिवसेना में शामिल हुए पूर्व विधायक दीपक सालुंखे की बेटी से शादी की थी। हालांकि, शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शादी के बाद उन्होंने दहेज के लिए अपनी पत्नी को सिगरेट से पीटा। इसके अलावा साहूकारों के खिलाफ कई शिकायतों के चलते नानासाहेब पर मकोका एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। यरवदा जेल में हमले की घटना के बाद उन्हें अमरावती जेल में शिफ्ट कर दिया गया था ।

गायकवाड़ की वकील निवृत्ति कराड ने कोर्ट में दायर याचिका में कई गंभीर आरोप लगाए हैं। 19 अगस्त 2023 को तत्कालीन जेल उप महानिरीक्षक जालिंदर सुपेकर ने गायकवाड़ की जमानत के लिए 500 करोड़ रुपए मांगे थे। उन पर अन्य कैदियों को धमकाने और मेडिकल जांच से बचने का भी आरोप लगाया गया है।

# अमन और शांति के साथ मनाई गई ईद उल-अज़हा

**अकोला.**

शहर में ईद उल-अज़हा का पर्व पूरी श्रद्धा, भक्ति और अमन-शांति के माहौल में मनाया गया। मुस्लिम समुदाय ने ईदगाहों और मस्जिदों में एकत्र होकर ईद की विशेष नमाज अदा की। मुख्य नमाज का आयोजन शाही ईदगाह में किया गया, जहां सैकड़ों की संख्या में नमाजी शामिल हुए। इसके अलावा शहर की सभी प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। धर्मगुरुओं ने नमाज के बाद ईद उल-अज़हा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व हज़रत इब्राहिम (अ.) और हज़रत इस्माइल (अ.) की अल्लाह के प्रति आज्ञा-पालन और त्याग की अज़ीम मिसाल है।

इस दिन जानवरों की कुर्बानी कर अल्लाह की राह में समर्पण व्यक्त किया जाता है। ईद के इस पावन अवसर पर दो रकात नमाज अदा कर लोगों ने अपने रब का शुक्रिया अदा किया और देश-दुनिया में अमन और भाईचारे की दुआ मांगी। त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ा बंदोबस्त किया गया था। शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की गई ताकि पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके।

# कामठी में हर्षोल्लास से मनी ईद-उल-अजहा (बकरीद)

## सुरक्षा के थे पुख़्ता इंतज़ाम : गले मिलकर दी मुबारकबाद

**कामठी.**



ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर, मुस्लिम भाइयों ने 52 मस्जिदों और कामठी-नागपुर मार्ग पर स्थित गिरजाघर खेल के मैदान में सामूहिक नमाज अदा कर ईद-उल-अजहा (बकरीद) बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई। ईदगाह और मस्जिदों में हजारों की संख्या में अकीदतमंदो ने अल्लाह ताला के दर शीश झुकाकर देश- दुनिया में अमन-चैन, शांति और खुशहाली की विशेष दुआएं मांगी। ज्ञात हो कि ईदगाह कमेटी की ओर से, ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर कामठी-नागपुर मार्ग पर स्थित गिरजाघर खेल के मैदान में मौलाना जुल्फिकार रजा साहब के मार्गदर्शन में सामूहिक नमाज अदा की गई। सामूहिक नमाज के बाद, मुस्लिम भाइयों को नागपुर शहर के अपर पुलिस आयुक्त राजेंद्र दाभाड़े, पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम, सहायक पुलिस उपायुक्त विशाल शिरसागर, नवीन कामठी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधळे, जूना कामठी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े, पूर्व नगरपरिषद उपाध्यक्ष व रब्बानी क्लब अध्यक्ष अहफाज अहमद ठेकेदार, पूर्व नगरसेवक श्रावण केळझरकर आदि गणमान्यों ने हार्दिक बधाई दी। वहीं मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर शांति व भाईचारे संदेश दिया। इस अवसर पर ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष काजी कमरुद्दीन, उपाध्यक्ष इकबाल बाबू कुरैशी, सचिव अशफाक कुरैशी, नियाज कुरैशी, इरशाद कुरैशी, मुश्ताक ठेकेदार, एम.ए.जब्बार सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई उपस्थित थे।

बकरीद के अवसर पर शहर में कहीं भी कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए नवीन कामठी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले और पुरानी कामठी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमळे के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में कड़ा पुलिस बंदोबस्त द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर भी पैनी नज़र रखी गई ताकि सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे।

## किसान को पिस्तौल दिखाकर धमकाया

**पिंपरी-चिंचवड़.**

पुणे के मुलशी में जमीन विवाद में परस्पर विरोधी आरोपों का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि वकील संदीप भोईर ने किसान पर पिस्तौल तान दी। मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। किसान ने आरोप लगाया है कि जब मामला कोर्ट में लंबित था, तब जब वह किसान पर बिना अनुमति के जुताई करने का आरोप लगाते हुए निरीक्षण के लिए गया, तो वकील भोईर पर अन्य लोगों ने हमला कर दिया। शिकायत में इसका उल्लेख किया गया है। अंत में वकील संदीप हीरामन भोईर और शब्बीर मुलानी ने हिंजेवाड़ी पुलिस स्टेशन में जवाबी शिकायत दर्ज कराई है। तदनुसार, हिंजेवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। मुलशी में ज़मीन के मालिकाना हक को लेकर कुछ लोगों द्वारा एक किसान पर पिस्तौल तानने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पता चला है कि यह मामला हिंजेवाड़ी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत मुलशी का है। इस मामले में किसान और पिस्तौल तानने वाले व्यक्ति संदीप भोईर ने विरोधाभासी शिकायत दर्ज कराई है।

शब्बीर करीमभाई मुलानी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि शुक्रवार को जब हम अपने घर के सामने बैठे थे, तभी सर्वे नंबर 19/1 ए में प्लॉट देख रहे आरोपी हमारे पास आए। हमने उनसे पूछा, यह हमारी जमीन है। आप यहां क्या कर रहे हैं? इसे अपमान मानते हुए उन्होंने मुझे और लड़की को लाइसेंसी पिस्तौल से धमकाया।

# ओगावा सोसायटी कामठी को शाहू-फुले-आंबेडकर पुरस्कार की घोषणा

## > मुंबई में 10 जून को होगा पुरस्कार वितरण समारोह

**कामठी.**



सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग ने ओगावा सोसायटी कामठी को शाहू-फुले-आंबेडकर पुरस्कार के लिए चुना है। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मुंबई में मंगलवार, 10 जून को किया जाएगा। ओगावा सोसायटी की स्थापना पूर्व राज्य मंत्री ॲड. सुलेखा कुंभारे ने 1999 में की थी। ओगावा सोसायटी ने विश्व प्रसिद्ध ड्रैगन पैलेस का निर्माण किया। इसके अलावा, ड्रैगन पैलेस टेंपल परिसर में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक एवं अनुसंधान केंद्र, ड्रैगन पैलेस विपश्यना मेडिटेशन सेंटर, ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल, और दादासाहेब कुंभारे बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र का भी निर्माण किया है। वर्ष भर कई शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ॲड. सुलेखा कुंभारे के नेतृत्व में ओगावा सोसायटी पूरी तरह से डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के आंदोलन को समर्पित है। ओगावा सोसायटी के कार्यों को संज्ञान में लेते हुए, सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग मंत्रालय ने शाहू-फुले-आंबेडकर पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है।

# बाल यौन शोषण का आरोपी फरार

**कल्याण.**



टिटवाला पुलिस ने बाल यौन शोषण अधिनियम के मामले में एक सराय आरोपी को हिरासत में लिया था। शुक्रवार को हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद आरोपी को कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया गया। जब आरोपी को पुलिस वाहन में आधारवाड़ी जेल ले जाया जा रहा था, तब पुलिस उसे हथकड़ी लगा रही थी। इसी दौरान आरोपी ने दोनों पुलिसकर्मियों के हाथों पर जोरदार वार किया और भाग गया। कल्याण रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी भाग गया।

फरार आरोपी का नाम चैतन्य राजू शिंदे (21) है। वह रायगढ़ जिले के रोहा तालुका के रोहिदासनगर का रहने वाला है। वह रोहा रेलवे स्टेशन इलाके में रहता है। चैतन्य शिंदे के खिलाफ पिछले साल टिटवाला पुलिस स्टेशन में बाल यौन शोषण का मामला दर्ज है। इस मामले की जांच के बाद टिटवाला पुलिस ने चैतन्य को गिरफ्तार कर लिया है। वह टिटवाला पुलिस की हिरासत में है।

आरोपी चैतन्य शिंदे की हिरासत अवधि समाप्त होने पर टिटवाला पुलिस स्टेशन के उपनिरीक्षक प्रशांत जाधव और कांस्टेबल रामदास राठौड़ ने शुक्रवार शाम को चैतन्य को कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायालय ने आदेश दिया कि चैतन्य शिंदे को 20 जून तक न्यायिक हिरासत में रखा जाए। इसलिए चैतन्य को आधारवाड़ी जेल में भेजा जाना था। उपनिरीक्षक जाधव और कांस्टेबल राठौड़ ने उसे डंडे के साथ न्यायालय से बाहर निकालकर कल्याण के आधारवाड़ी जेल में ले गए।

कांस्टेबल रामदास राठौड़ ने इस संबंध में महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस उपनिरीक्षक जानू पवार मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने अपील की है कि अगर किसी को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में आरोपी मिले तो वे तुरंत टिटवाला या महात्मा फुले पुलिस स्टेशन से संपर्क करें।

# उच्चाधिकारियों ने लिया वीपीटीएल टी20 क्रिकेट मैच का मजा



**नागपुर.**

नागपुर के जामठा स्थित विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) मैदान पर चल रहे विदर्भ प्रमोट टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को भारत रेंजर्स और पगारिया स्ट्राइकर्स के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच को देखने के लिए शहर के कई प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विपिन इटनकर, पुलिस आयुक्त रविचंद्र सिंघल, और एनएमआरडीए के आयुक्त संजय मीना ने विशेष रूप से उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इन अधिकारियों ने वीसीए का दौरा भी किया और टूर्नामेंट आयोजन की सराहना की। प्रतिद्वंद्वी टीमों के मालिकों में भारत रेंजर्स की ओर से रोहित अग्रवाल और समीर मेघे, जबकि पगारिया स्ट्राइकर्स की ओर से उज्वल पगारिया मौजूद थे। टूर्नामेंट के चेयरमैन प्रशांत वैद्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। मैच में खिलाड़ियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा और दर्शकों का जोश देखने लायक था। इस प्रकार का आयोजन न केवल क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है, बल्कि खेल भावना को भी बढ़ावा देता है। वीपीटीएल की ओर से पुष्पगुच्छ देकर उच्चाधिकारियों का स्वागत किया गया.

# आज ब्रेन ट्यूमर दिवस

**नागपुर.**



ब्रेन ट्यूमर दिवस हर वर्ष 8 जून को मनाया जाता है, ताकि ब्रेन ट्यूमर के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके, इसके लक्षण, निदान, उपचार और इससे प्रभावित मरीजों व उनके परिवारों को आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी दी जा सके। यह दिन अनुसंधान व जन-जागरूकता के प्रयासों का समर्थन करने का अवसर भी है।

**ब्रेन ट्यूमर क्या है?** : ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क में कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि को कहा जाता है। ये ट्यूमर सौम्य (गैर-कैंसरयुक्त) या घातक (कैंसरयुक्त) हो सकते हैं। ये मस्तिष्क में ही उत्पन्न हो सकते हैं (प्राथमिक ब्रेन ट्यूमर) या शरीर के अन्य हिस्सों से मस्तिष्क में फैल सकते हैं (द्वितीयक या मेटास्टेटिक ब्रेन ट्यूमर)।

**आम लक्षण** : लगातार सिरदर्द, मतली और उल्टी, दौरे (सीज़र), देखने या सुनने में परेशानी, याददाश्त में कमी या भ्रम की स्थिति, संतुलन और समन्वय में कठिनाई. जल्दी पहचान और चिकित्सकीय हस्तक्षेप से परिणामों में काफी सुधार हो सकता है। हालांकि, मस्तिष्क की जटिलता के कारण ब्रेन ट्यूमर का जल्दी निदान करना मुश्किल हो सकता है।

**ब्रेन ट्यूमर दिवस का उद्देश्य** : लोगों को ब्रेन ट्यूमर और इसके प्रभाव के बारे में शिक्षित करना। मरीजों, बचे हुए लोगों और देखभाल करने वालों के साथ एकजुटता दिखाना। बेहतर इलाज और संभावित इलाज के लिए शोध को प्रोत्साहित करना और आर्थिक सहायता देना।

**एक आशा का संदेश** : हालांकि ब्रेन ट्यूमर का निदान जीवन को बदल सकता है, लेकिन चिकित्सा में हो रही प्रगति और बढ़ती जागरूकता के कारण अब कई मरीजों के लिए उपचार के परिणाम और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। इस ब्रेन ट्यूमर दिवस पर आइए, हम सभी मिलकर जागरूकता फैलाएं, अनुसंधान को सहयोग दें, और प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति प्रकट करें।

# इजराइल की चेतावनी से पहले ही सीरिया ने मानी हार

**जेरुसलेम.**



वेस्ट एशिया के हालात एक बार फिर तेजी से बदलते दिख रहे हैं. सीरिया, जो कभी इजराइल के खिलाफ मुखर रुख रखता था, अब खुलकर पीछे हटने की मुद्रा में आ गया है. इजराइल के खिलाफ रॉकेट दागे जाने के बाद जिस तरह सीरियाई सरकार ने सफाई दी और खुद को क्षेत्रीय खतरा मानने से इनकार किया. इससे उसने यह संकेत दे दिया कि अब दमिश्क टकराव से दूर रहना चाहता है. यही वजह है कि जब इजराइल ने जवाबी हमला किया और तुर्किए जैसे देश तमाशबीन बने रह गए. ऐसे में माना जा रहा है कि सीरिया ने बिना लड़े सरेंडर जैसा रुख अपना लिया.

मंगलवार को सीरिया से इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स पर दो रॉकेट दागे गए. हालांकि इससे कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इजराइली सेना ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए सीरिया के दारा इलाके में गोले दागे और कई हवाई हमले किए. इन हमलों में उन ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिन्हें इजराइल ने पुराने शासन या शिया गुटों से जुड़ा हुआ बताया. सीरिया ने इन हमलों को संप्रभुता का उल्लंघन बताया, लेकिन साथ ही यह भी जोड़ दिया कि वह क्षेत्र में किसी के लिए भी खतरा नहीं है. सीरियाई विदेश मंत्रालय ने कहा कि रॉकेट हमले के लिए सरकार जिम्मेदार नहीं है और यह हमला किसी अज्ञात गुट ने किया है. दरअसल, एक नया संगठन मोहम्मद दीफ ब्रिगेड्स सामने आया है, जिसने टेलीग्राम पर इस हमले की जिम्मेदारी ली है. यह संगठन हाल ही में सक्रिय हुआ है और इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन इसका नाम हमास के मारे गए सैन्य कमांडर से जुड़ा है. इस बीच, इजराइल और सीरिया के बीच कुछ गुप्त बैठकें भी हुई हैं ताकि सीमा पर तनाव को कम किया जा सके. अमेरिका इस नए शासन को इजराइल के साथ संबंध सुधारने के लिए प्रेरित कर रहा है. ऐसे माहौल में सीरिया द्वारा "हम किसी के लिए खतरा नहीं" जैसा बयान देना यह साफ करता है कि दमिश्क अब खुली जंग के बजाय कूटनीतिक रास्ते अपनाना चाहता है. यही वजह है कि तुर्किए जैसे देश कुछ कर नहीं पाए और सीरिया ने खुद को पहले ही पीछे खींच लिया.

# मिहान में रचा नया अध्याय

## 'ज्वेलसूत्र' प्रदर्शनी को मिला शानदार प्रतिसाद

**नागपुर.**



भरोसे, परंपरा और शाश्वत सौंदर्य का पर्याय बन चुके रोकड़े ज्वेलर्स ने फर्स्ट सिटी, मिहान, नागपुर के एक आवासीय टाउनशिप में अपने पहले आभूषण प्रदर्शनी का सफल आयोजन कर एक नया अध्याय शुरू किया है। 7 और 8 जून को आयोजित दो दिवसीय इस प्रदर्शनी को फर्स्ट सिटी के निवासियों और अतिथियों से जबरदस्त प्रतिसाद मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन 7 जून को क्लब हाउस में हुआ, जिसमें "ज्वेलसूत्र - एक शिल्पकला उत्सव" के तहत रोकड़े ज्वेलर्स के बेहतरीन सोने, हीरे और पारंपरिक आभूषणों का सुंदर प्रदर्शन किया गया। यह आयोजन रोकड़े ज्वेलर्स के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जहां ब्रांड ने अपने ग्राहकों के साथ संबंध को और भी करीब लाने के उद्देश्य से एक व्यक्तिगत और संलग्न प्रारूप में भाग लिया। यह सिर्फ डिज़ाइनों का प्रदर्शन नहीं था, बल्कि ग्राहकों और एक भरोसेमंद ब्रांड के बीच के रिश्ते का उत्सव भी था। रोकड़े ज्वेलर्स प्रबंधन ने फर्स्ट सिटी प्रबंधन समिति और उन सभी मेहमानों का हार्दिक आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। ऐसे अनोखे और स्वागतपूर्ण वातावरण में अपनी शिल्पकला प्रस्तुत करना हमारे लिए सम्मान की बात थी। हमें मिले सकारात्मक प्रतिसाद से हम उत्साहित हैं और आगे भी ऐसे सामुदायिक आयोजनों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में और इस उत्सव को और भी खास बनाने हेतु रोकड़े ज्वेलर्स एक विशेष ऑफर लेकर आया है.

सोने और चाँदी के आभूषणों पर मेकिंग चार्जेस में 25% की छूट

हीरे के आभूषणों पर मेकिंग चार्जेस एकदम मुफ्त (100% की छूट) रोकड़े ज्वेलर्स फर्स्ट सिटी, मिहान के सभी निवासियों और आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देता है, और अपने नवाचार, विश्वास और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराता है।

# बेटे ने मां को चाकू घोंपकर मार डाला

**सावनेर.**



सावनेर.सावनेर शहर में गुरुवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसमें मामूली पारिवारिक विवाद के चलते एक बेटे ने अपनी ही मां की चाकू मारकर हत्या कर दी। यह घटना रात 11:30 बजे के आसपास सावनेर के वढार मोहल्ला झुग्गी बस्ती में घटी. मृतका की पहचान प्रमिला गणपत मरसकोल्हे (उम्र 50 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी मुकेश गणपत मरसकोल्हे (उम्र 26 वर्ष), निवासी हरिभाऊ आदम कॉलेज परिसर, सावनेर को घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया.

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, कुमारी अंजलि गणेश कवरेती (उम्र 19 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 17, वढार मोहल्ला ने बताया कि आरोपी ने अपने माता-पिता से यह कहते हुए झगड़ा किया कि वे उससे हालचाल नहीं पूछते, न यह जानना चाहते हैं कि वह कहां रहता और खाता है। इस दौरान आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए दोनों के साथ मारपीट की और मां की पीठ पर चाकू से वार कर हत्या कर दी। सावनेर पुलिस स्टेशन में अप.क्र. 516/25 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 103(1), 115(2), 352 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया. आरोपी को सावनेर पुलिस के थानेदार उमेश पाटील, पीएसआई निंबालकर, राठौड़, गेडाम, तथा डीपी टीम के सुरेन्द्र वासनिक, गणेश राय, अशोक निस्ताने, दीपक जोगेकर, परखड़ और अन्य पुलिसकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया।

पुलिस उपविभागीय अधिकारी अनिल म्हस्के के मार्गदर्शन में पीएसआई मंगला मोकाशे व पीएसआई बालू राठौड़ द्वारा आगे की जांच की जा रही है। घटना के बाद हितज्योती आधार फाउंडेशन की रुग्णवाहिका, तथा हितेश बनसोड और उनके सहयोगियों की सहायता से मृतका का शव मेडिकल अस्पताल नागपुर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 590-4 | 256-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 550-0 | 457-6 |


